बिरज में कैसी धूम मची | by Gulshan Kumar

बिरज में कैसी धूम मची जन्मदिन कान्हा जी का आया
सब खुशियां मनाओ रे जन्मदिन कान्हा जी का आया

हाथी घोडा पालकी जय कन्हैया लाल की
नन्द के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की

सारे जग में देखो भैया कैसा है ये हल्ला
माँ यशोदा जी के घर में आया छोटा लल्ला
ब्रह्मा विष्णु भी देखो जी खुशी मनाने आये हैं
साथ में हैं गौरा मैया शिव शंकर भी आये हैं
सब मंगल गाओ रे जन्मदिन कान्हा जी का आया

श्रीः कृष्ण गोविन्द हरे मुरारी हे नाथ नारायण वासुदेवा
श्रीः कृष्ण गोविन्द हरे मुरारी हे नाथ नारायण वासुदेवा

जन्माष्टमी की रात भैया कैसी धूम मची है
नाच रहे सब बाल ग्वाल सब भक्तों की भीड़ लगी है
नाचे गोकुल और बरसाना कान्हा जी के प्यार में
घर घर बांटे लड्डू पेड़े माखन मिश्री साथ में
चलो उत्सव मनाओ रे जन्मदिन कान्हा जी का आया
बिरज में कैसी धूम मची जन्मदिन कान्हा जी का आया
सब मंगल गाओ रे जन्मदिन कान्हा जी का आया

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ac%e0%a4%bf%e0%a4%b0%e0%a4%9c-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%82-%e0%a4%95%e0%a5%88%e0%a4%b8%e0%a5%80-%e0%a4%a7%e0%a5%82%e0%a4%ae-%e0%a4%ae%e0%a4%9a%e0%a5%80-by-gulshan-kumar/